भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2222
दिनांक 14 मार्च, 2023 के लिए प्रश्न

खुरपका और मुंहपका रोग हेतु टीका

2222. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:
श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में नए पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकारों को खुरपका और मुंहपका रोग के लिए टीकों की आपूर्ति समय पर उपलब्ध कराई है और कराना सुनिश्चित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्षों और चालू वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टीकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से खुरपका और मुंहपका रोग के टीकों की शीघ्र आपूर्ति करने का अनुरोध किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किन-किन राज्य सरकारों ने इसके लिए अनुरोध किया था तथा केंद्र सरकार से इस पर क्या प्रतिक्रिया मिली है; और

(घ) क्या देश में खुरपका और मुंहपका रोग के टीकों की कोई कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): जी हां, एफएमडी और ब्रूसेलोसिस के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत सरकार राज्य सरकारों को खुरपका और मुंहपका रोग के लिए गुणवत्तायुक्त टीकें प्रदान कर रही है। एफएमडी के नियंत्रण के लिए एनएडीसीपी के तहत पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार एफएमडी टीका खुराकों की आपूर्ति का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग) और (घ) केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र से एफएमडी टीकों की आपूर्ति के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं तथा आवश्यक एफएमडी टीका खुराकों की आपूर्ति कर दी गई है।

****

अनुबंध

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष 2020-21 के दौरान आपूर्ति किए गए एफएमडी टीके	वर्ष 2021-22 के दौरान आपूर्ति किए गए एफएमडी टीके	वर्ष 2022-23 के दौरान आपूर्ति किए गए एफएमडी टीके
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	40,100	8,550	-
आंध्र प्रदेश	97,38,300	97,37,650	63,24,700
अरुणाचल प्रदेश	3,45,550	-	3,45,500
असम	1,13,30,700	-	66,78,567
बिहार	-	21,66,400	1,85,49,740
चंडीगढ़	25,600	18,900	-
छत्तीसगढ	1,00,44,200	-	99,83,400
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	42,500		22,250
दिल्ली	2,48,850	1,37,850	-
गोवा	1,76,000	70,850	-
गुजरात	1,58,00,000	-	1,59,83,100
हरियाणा	-	60,00,000	-
हिमाचल प्रदेश	26,20,500	21,15,750	-
जम्मू और कश्मीर	31,45,700	28,44,850	-
झारखंड	21,83,000	-	1,22,48,700
कर्नाटक	1,15,06,000	1,14,53,500	98,53,250
केरल	12,99,900	12,99,150	14,43,450
लद्दाख	84,200	-	1,04,500
लक्षद्वीप	2,550	1,150	-
मध्य प्रदेश	2,61,52,200	-	2,17,11,650
महाराष्ट्र	1,76,43,000	1,38,00,250	2,11,62,500
मणिपुर	2,50,500	-	2,60,700
मेघालय	9,30,400	-	5,39,117
मिजोरम	43,250	-	16,900
नागालैंड	94,000	-	88,028
ओडिशा	93,27,900	10,84,400	91,77,894
पुदुचेरी	67,200	74,150	-
पंजाब	65,33,700	63,98,200	-
राजस्थान	2,81,35,100	19,80,850	1,55,97,550
सिक्किम	-	-	1,46,950
तमिलनाडु	90,35,500	49,75,350	1,30,25,400
तेलंगाना	78,80,100	79,18,650	-
त्रिपुरा	7,46,450	-	7,46,150
उत्तर प्रदेश	5,19,92,800	1,01,03,700	3,67,74,600
उत्तरांचल	27,29,050	-	20,50,000
पश्चिम बंगाल	-	-	1,49,78,269
कुल	**23,01,94,800**	**8,21,90,150**	**21,78,12,865**